सत्यमेव जयते	राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
	साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
	वैशाख 16, शुक्रवार, शाके 1944-मई 6, 2022 *Vaisakha 16, Friday , Saka 1944- May 6, 2022*	

भाग-1(ख)

महत्वपूर्ण सरकारी आज्ञायें।

पशुपालन विभाग

राजस्थान राज्य पशु चिकित्सा परिषद, टोंक रोड़, जयपुर

अधिसूचना

जयपुर, मई 06, 2022

संख्या :-भारतीय पशु चिकित्सा परिषद् अधिनियम, 1984 (1984 का 52) के अन्तर्गत राजस्थान राज्य पशु चिकित्सा परिषद् नियमावली 1988 के नियम 3 उपनियम 8 के अनुसरण में रिटर्निंग अधिकारी राजस्थान राज्य पशु चिकित्सा परिषद् के राजस्थान पशु चिकित्सक रजिस्टर के रोल में शामिल व्यक्तियों में से 4 सदस्यों का चुनाव करने के लिए निम्नलिखित तारीख नियुक्त करते हैं :—

क्र.सं.	चुनाव संबंधित गतिविधि का विवरण	दिनांक	दिवस एवं समय
1.	चुनाव सम्बन्धी विज्ञप्ति जारी करना	06.05.2022	शुक्रवार
2.	नामांकन भरने की तारीख	12.05.2022	गुरूवार, प्रातः 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक
3.	नामांकनों पत्रों की जांच	13.05.2022	शुक्रवार
4.	नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख	16.05.2022	सोमवार, 03:00 PM तक
5.	आनलाइन वोटिंग की तारीख	20.06.2022 से 22.06.2022	सोमवार, 12:00 PM से बुधवार, 12:00 PM तक
6.	मतगणना के लिए तारीख समय और स्थान	22.06.2022	बुधवार, 12:15 PM सेमीनार हॉल, राजस्थान राज्य पशु चिकित्सा परिषद्, पशुधन भवन कैम्पस, टोंक रोड़, जयपुर

राजस्थान राज्य पशु चिकित्सा परिषद्के चुनाव में भाग लेने के लिए पात्र उम्मीदवार संलग्न प्रपत्र—3 में अपना नामांकन भर सकते हैं। नामांकन पत्रों को रिटर्निंग अधिकारी, डॉ. सुरेश चन्द मीणा, अतिरिक्त निदेशक (दवा प्रकोष्ठ), निदेशालय पशुपालन, राजस्थान, जयपुर, कमरा नं. 209, प्रथम तल, पशुधन भवन, टोंक रोड़, जयपुर के समक्ष नियत दिनांक और समय से पूर्व व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर प्रस्तुत किया जा सकता है। चुनाव प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत जानकारी राजस्थान राज्य पशु चिकित्सा परिषद्, जयपुर की वेबसाईट **http://rajvetcouncil.in** पर एवं पशुपालन विभाग, राजस्थान द्वारा दिनांक 13.08.2021 को प्रकाशित

चुनाव अधिसूचना राजस्थान राज्य के असाधारण राजपत्र की वेबसाईट **https://reams.rajasthan.gov.in** पर अवलोकनार्थ उपलब्ध है।

प्रपत्र-3

नामांकन पत्र

भारतीय पशु चिकित्सा परिषद् अधिनियम 1984 (1984 का 52) की धारा 32 की उपधारा (1) के खण्ड (क) के अधीन राजस्थान राज्य पशु चिकित्सा परिषद् का निर्वाचन।

1. अभ्यर्थी का नामः-
2. पिता का नामः-
3. आयु और जन्म तिथिः-
4. अहर्ता की प्रकृतिः-
5. राज्य पशु चिकित्सा रजिस्टर में रजिस्ट्रेशन क्रमांकः-
6. राज्य पशु चिकित्सा रजिस्टर में पृष्ठ संख्या जिस पर नाम अंकित है या उसकी अनुपूर्ति में पंजीकरण का वर्षः-
7. नामावली में क्रम संख्या, पंजीयन संख्याः-
8. पता, गृह संख्याक, ग्राम, शहर, डाकघर, पिन कोडः-
9. प्रस्तावक का नामः-
10. प्रस्तावक के हस्ताक्षरः-
11. राज्य पशु चिकित्सा रजिस्टर में प्रस्तावक का रजिस्ट्रीकृत संख्या और वर्ष बताते हुए उक्त रजिस्टर या उसकी अनुपूर्ति में वह पृष्ठ संख्या जिस पर नाम हैं :-
12. नामावली में क्रम संख्याः-
13. समर्थक का नामः-
14. समर्थक के हस्ताक्षरः-
15. राज्य पशु चिकित्सा रजिस्टर में समर्थक की रजिस्ट्रीकृत संख्या (वर्ष बताते हुए) उक्त रजिस्टर या उसकी अनुपूर्ति में वह पृष्ठ संख्या जिस पर नाम हैं :-
16. नामावली में क्रम संख्याः-
17. अभ्यर्थी द्वारा घोषणाः- मैं इसके द्वारा घोषित करता हूँ कि मैं इस नाम निर्देशन के लिए सहमत हूँ।

(अभ्यार्थी के हस्ताक्षर)

यह नामांकन पत्र मुझे दिनांक ..... को ..... बजे (समय) ..... स्थान में प्राप्त हुआ था।

(रिटर्निंग अधिकारी का हस्ताक्षर)

अनुदेश

जो नामांकन पत्र **रिटर्निंग** अधिकारी को दिनांक 12.05.2022 को सायं 04.00 बजे से पहले प्राप्त नहीं होंगे, वे मान्य नहीं होंगे।

डॉ. सुरेश चन्द मीणा,
रिटर्निंग ऑफिसर एवं
अतिरिक्त निदेशक (दवा प्रकोष्ठ),
निदेशालय पशुपालन, राजस्थान,
जयपुर

राज्यपाल की आज्ञा से,
कश्मी कौर,
शासन उप सचिव।

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय,जयपुर।